जागरण

यूपी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आएंगे अदाणी, हीरानंदानी और बिड़ला जैसे दिग्गज, पीएम मोदी करेंगे डिजिटल भूमिपूजन

UP Ground Breaking Ceremony ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आने के लिए अब तक 62 उद्योगपति पुष्टि कर चुके हैं। इसमें अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी हीरानंदानी ग्रुप के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला समेत दर्जनों बड़े नाम शामिल हैं।

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा तीन जून को आयोजित की जा रही तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (भूमिपूजन समारोह) में देश-विदेश के उद्योगपतियों का जमावड़ा होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 75 हजार करोड़ रुपये की 2000 से अधिक परियोजनाओं का डिजिटल भूमिपूजन किया जाएगा। उस समारोह में गौतम अदाणी, निरंजन हीरानंदानी और कुमार मंगलम बिड़ला जैसे दिग्गज उद्यमी भी शामिल होंगे।

राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से उन कारोबारियों को निमंत्रण भेजा गया है, जो तीन करोड़ रुपये से अधिक का निवेश उत्तर प्रदेश में कर रहे हैं। इस तरह केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री, अधिकारियों और उद्यमियों को मिलाकर लगभग तीन हजार लोगों के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार तक 62 उद्योगपति आने की पुष्टि कर चुके हैं। इसमें अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी, हीरानंदानी ग्रुप के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला समेत दर्जनों बड़े नाम शामिल हैं। देश और विदेश के नामी उद्योगपति अपने विचार भी साझा करेंगे।

कार्यक्रम में साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी परियोजनाओं का भी भूमिपूजन होगा। इसमें 3800 करोड़ रुपये की लागत से यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में बनने वाला मेडिकल डिवाइस पार्क भी शामिल है। परियोजनाओं के डिजिटल भूमिपूजन के साथ ही पीएम मोदी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी में 12 स्टार्टअप और 14 निवेशक अपने उत्पादों के स्टाल लगाएंगे।

इसके अलावा एक जिला एक उत्पाद योजना के भी करीब 62 स्टाल होंगे। समारोह के व्यवस्थित आयोजन के लिए शासन स्तर पर 10 समितियां गठित की गई हैं। भूमिपूजन की सूची में शामिल परियोजनाओं की निगरानी खुद मुख्य सचिव मिश्र और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार कर रहे हैं।

ये उद्योगपति भी होंगे शामिल : मुख्य सचिव ने 150 दिग्गज कारोबारियों को निमंत्रण भेजा है। इनमें आरपीजी संजीव गोयनका ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका, पेटीएम के चेयरमैन और सीईओ विजय शेखर शर्मा, आइटीसी लिमिटेड के सीईओ संजीव पुरी, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन आरसी भार्गव, मेदांता के चेयरमैन नरेश त्रेहन, निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर, केसी बोकाडिया, लूलू ग्रुप के एमडी युसूफ अली, ब्रह्मोस के सीईओ और एमडी अतुल दिनकर राणे, टोरंट फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन एमेरिटस सुधीर मेहता, ओला के संस्थापक भाविश अग्रवाल, गोदरेज प्रापर्टीज के कार्यकारी अध्यक्ष पिरोजशा गोदरेज, इन्फोसिस के संस्थापक मोहन दास पई, गिन्नी फिलामेंट्स के सीएमडी शिशिर जयपुरिया, श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद के एमडी अनुराग शर्मा, ग्रीनको ग्रुप के संस्थापक और एमडी अनिल कुमार चलमालसेट्टी, एमएक्यू साफ्टवेयर के एमडी राजीव अग्रवाल, ओयो के संस्थापक और सीईओ रितेश अग्रवाल, गैलेंट ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन सीपी अग्रवाल, सुखबीर एग्रो एनर्जी लिमिटेड के निदेशक सुखबीर सिंह, नोएडा परिधान निर्यात क्लस्टर के अध्यक्ष ललित ठुकराल, एल एंड टी लिमिटेड के एमडी और सीईओ एसएन सुब्रह्मण्यन आदि हैं।